E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 17– तक0को0–312/2018......2901..........
PART II

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/
किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/
सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0 चम्पारण/जमुई/
मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा।

पटना, दिनांक :–04-10-2021

विषय :– सर्वेक्षण के किस्तवार प्रक्रम में संबंधित राजस्व ग्राम में त्रिसीमाना का निर्धारण के साथ–साथ ग्राम सीमा सत्यापन किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अधिनियम, 2011 (संशोधित, 2017) एवं नियमावली, 2012 (यथा संशोधित, 2019) के धारा–6 एवं नियम–7 अन्तर्गत राजस्व ग्राम में किस्तवार प्रक्रम में त्रिसीमाना का निर्धारण एवं ग्राम सीमा सत्यापन किया जाता है। इस कार्य के लिए हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा ETS के साथ कार्य करने के लिए ग्रामवार कार्य योजना तैयार की जाती है। परन्तु साप्ताहिक MIS की समीक्षा से ज्ञात होता है कि संबंधित शिविर प्रभारी/अमीन द्वारा संबंधित राजस्व ग्राम का त्रिसीमाना निर्धारण कार्य किया जाता है लेकिन आसन्न राजस्व ग्रामों के साथ ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य नहीं किया जाता है। इस आंशिक कार्य से उक्त ग्राम में किस्तवार प्रक्रम अधूरा रह जाता है और खानापुरी का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी शिविर प्रभारी को निदेशित किया जाय कि संबंधित राजस्व ग्राम में त्रिसीमाना निर्धारण के साथ–साथ ग्राम सीमा सत्यापन के कार्य को भी पूर्ण किया जाय।

विश्वासभाजन

4/10/21

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018.........2901.................. **पटना, दिनांक** :.04-10-2021

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मुख्यालय), बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018.........2901.................. **पटना, दिनांक** :.04-10-2021

प्रतिलिपि :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/10/21

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Director\file no. 312 2018 dated-29.09.2021 1.doc

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312 / 2018............2901............ **पटना, दिनांक** :04-10-2021

प्रतिलिपिः– एल0आई0एस0 सलाहकार / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312 / 2018............2901............ **पटना, दिनांक** : 04-10-2021

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 1/10/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप